# अनुभव और ज्ञान साझा करेंगे यूपीईएस और एसजीआरआर

## ■ दोनों विश्वविद्यालयों में हुआ समझौता



देहरादून, 22 मई (नवोदय टाइम्स) : यूपीईएस विश्वविद्यालय और श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र छात्र विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया है। इसके तहत दोनों संस्थान आपसी सहयोग के लिए रूपरेखा तय करेंगे, जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा, छात्र प्रशिक्षण और ज्ञान साझा करने पर विशेष जोर रहेगा।

दोनों विश्वविद्यालय संस्थानिक भ्रमण की व्यवस्था करेंगे, जिससे छात्रों को व्यावहारिक और गहराई से सीखने का अवसर मिलेगा। यूपीईएस के शिक्षक और छात्र एसजीआरआर विश्वविद्यालय के प्रमुख संस्थान श्री महंत इंदिरेश अस्पताल, फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल और श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज का दौरा करेंगे। वहीं दूसरी ओर, एसजीआरआर विश्वविद्यालय के छात्रों को यूपीईएस की उन्नत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित की सुविधाओं का अनुभव मिलेगा, जहां वे संकाय से संवाद करेंगे और प्रायोगिक शिक्षण में भाग लेंगे।

इस सहयोग का प्रमुख उद्देश्य छात्रों के प्रशिक्षण और विकास पर केंद्रित है। विशेष रूप से स्वास्थ्य विज्ञान के छात्रों को उनके करियर विकल्पों और उद्योग के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन देने के लिए करियर काउंसलिंग की सुविधा दी जाएगी। साथ ही दोनों संस्थान संयुक्त ज्ञान पहल जैसे कि फैकल्टी एक्सचेंज और मेंटरशिप कार्यक्रमों की संभावनाएं भी तलाश रहे हैं, जिससे संस्थागत क्षमता का विकास हो सके और विभिन्न विषयों में सहभागिता को बढ़ावा मिले। यह सहयोग दोनों संस्थानों की ताकतों को जोड़कर अकादमिक नवाचार और छात्र सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।